# कानपुर में 250 एकड़ क्षेत्र में बनेगा मेगा लेदर फुटवियर क्लस्टर : सहगल

## केंद्र ने दी मंजूरी, यूपीसीडा ने क्लस्टर के लिए मुहैया कराई जमीन



लोक भवन स्थित अपने कार्यालय में डॉ. नवनीत सहगल ने समीक्षा बैठक की।

लखनऊ। अपर मुख्य सचिव सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम डॉ. नवनीत सहगल ने कहा कि कानपुर नगर के रमईपुर में 451 करोड़ रुपये से 250 एकड़ क्षेत्र में मेगा लेदर फुटवियर एंड एक्सेसरीज क्लस्टर बनेगा। यूपीसीडा ने क्लस्टर के लिए 240.18 एकड़ भूमि उपलब्ध कराए जाने को मंजूरी भी दे दी है। इसके लिए मेगा लेदर क्लस्टर डवलपमेंट (उत्तर प्रदेश) लिमिटेड का गठन किया गया है।

डॉ. सहगल ने सोमवार को लोक भवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में मेगा लेदर फुटवियर एंड एक्सेसरीज क्लस्टर की स्थापना से संबंधित कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि क्लस्टर के विकास के लिए वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, उद्योग आंतरिक संवर्धन विभाग, भारत सरकार से सैद्धांतिक सहमति मिल चुकी है।

उन्होंने कहा कि कानपुर में मेगा लेदर क्लस्टर की स्थापना से लगभग 5000 करोड़ रुपये का निवेश होगा। करीब 50 हजार लोगों को प्रत्यक्ष और 1.50 लाख लोगों को अप्रत्यक्ष रोजगार मिलेगा। क्लस्टर के माध्यम से प्रतिवर्ष करीब 13000 करोड़ रुपये का टर्नओवर भी होगा। ब्यूरो